## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के प्रथम फेज में 7.16 लाख करोड़ की परियोजनाएं क्रियान्वयन के लिए तैयार

# लखनऊ निवेश के पांच पसंदीदा मंडलों में




लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में फरवरी में संपन्न हुई उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उत्साहवर्धक परिणाम सामने आए हैं। लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को अब धरातल पर उतारने के प्रयास शुरू हो गए हैं।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के प्रथम फेज की तैयारी में जुटी योगी सरकार के प्रयासों से 7.16 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश धरातल पर उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सभी मंडलों में निवेशकों की रुचि अलग-अलग ही देखने को मिली है। मेरठ मंडल में निवेशकों ने सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई है। क्रियान्वयन के लिए तैयार निवेश में टॉप फाइव मंडलों में मेरठ, झांसी, मीरजापुर, लखनऊ और वाराणसी हैं।

**बुंदेलखंड और पूर्वांचल पर रंग लाई योगी सरकार की मेहनतः** कभी बुंदेलखंड और पूर्वांचल यूपी के सबसे पिछड़े इलाके माने जाते थे। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने इन दोनों क्षेत्रों पर विशेष फोकस करते हुए विकास कार्यों को लेकर रणनीति बनाना शुरू की।

बीते छह साल में पूर्वांचल और बुंदेलखंड रीजन से न सिर्फ डकैतों, माफिया और रंगदारों के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया, बल्कि बेहतर कनेक्टिविटी, विद्युत आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी विकसित करते हुए पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा दिया गया।

मुख्यमंत्री के इन प्रयासों का परिणाम अब धरातल पर उतरने जा रहे निवेश के रूप में दिखने जा रहा है। बुंदेलखंड क्षेत्र में आने वाले झांसी और चित्रकूट मंडल में एक लाख करोड़ से भी ज्यादा का निवेश क्रियान्वित होने के लिए तैयार है। इस मामले में भी झांसी मंडल प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।

इसी प्रकार पूर्वांचल क्षेत्र में मीरजापुर और वाराणसी मंडल टॉप फाइव में शामिल है, इसके अलावा गोरखपुर और आजमगढ़ मंडल में भी भारी भरकम निवेश धरातल पर उतरने के लिए तैयार है।

सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर में धरातल पर उतरने जा रहा निवेश इसकी गवाही देता है कि अब कभी अराजकता के लिए बदनाम जिलों में औद्योगिक विकास हो रहा है।

## किस मंडल में कितने की लगने जा रहीं परियोजनाएं







### यहां भी बड़ा निवेश

| मंडल | करोड़ रुपए |
|---|---|
| बरेली | 35,322 |
| अयोध्या | 23,921 |
| आगरा | 23,706 |
| कानपुर | 22,992 |
| मुरादाबाद | 17,833 |
| प्रयागराज | 17,780 |
| गोरखपुर | 15,600 |
| सहारनपुर | 12,413 |
| अलीगढ़ | 9,873 |
| चित्रकूट | 9,213 |
| देवीपाटन | 3,954 |
| आजमगढ़ | 3,400 |
| बस्ती | 3,018 |

**लखनऊ के होम्योपैथिक कॉलेज का कायाकल्प होगाः** लखनऊ स्थित नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के दिन बहुरेंगे। दो करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि से इस अस्पताल का कायाकल्प होगा।